पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने पड़ोसी देशों में भूकम्प से हुये जान माल के नुकसान पर दुःख व्यक्त किया

वसुधैव कुटुम्बकम की परम्परा पर विश्वास करता है भारत - राज्यपाल

लखनऊः 26 अक्टूबर, 2015

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने पड़ोसी देश अफगानिस्तान एवं पाकिस्तान में आये भूकम्प से होने वाली जान-माल की हानि पर गहरा दुख व्यक्त किया है। राज्यपाल ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के बयान का स्वागत किया है जिसमें प्रधानमंत्री ने कहा है कि भारत भूकम्प से पीड़ित पड़ोसी देशों की मदद को तैयार है।

राज्यपाल ने अपने शोक संदेश में कहा कि भारत 'वसुधैव कुटुम्बकम' की परम्परा में विश्वास करता है और पड़ोसी देश के दुःख में बराबर का शरीक है और विश्व के सभी लोगों की सलामती चाहता है।